**दिनांक: 14.09.2018**

तृतीय दीक्षांत समारोह (15 अक्टूबर 2018) के अवसर पर

**उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों के लिए स्नातकीय परिधान के संबंध में**

# विज्ञप्ति

**पुरुषों हेतु निर्धारित स्नातकीय परिधान–** **खादी का सफेद कुर्ता, पायजामा व खादी की गांधी टोपी व अंगवस्त्र**

1. विद्यार्थी स्वयं खादी का सफेद कुर्ता, पायजामा की व्यवस्था करेगा।
2. विश्वविद्यालय द्वारा कुर्ते, पायजामे तैयार करवाये जाएंगे, जिसका अनुमानित मूल्य रु 1000/– है। यदि विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत विक्रेता से कुर्ता, पायजामा प्राप्त करना चाहता है तो उसे वह उक्त राशि देकर क्रय कर सकेगा।
3. खादी की गांधी टोपी और अंगवस्त्र विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसकी राशि रु. 200/– विद्यार्थी को जमा करनी होगी और यदि वह उसे वापस करना चाहता है तो रु 25/– काटकर शेष राशि लौटा दी जायेगी।
4. छात्रों द्वारा स्वयं व्यवस्था किए जाने की स्थिति में कुर्ता कॉलर सहित पूरी बाँह का तथा पायजामा अलीगढ़ी होना आवश्यक है।

**महिलाओं हेतु निर्धारित स्नातकीय परिधान–** **खादी की सफेद साड़ी (3 इंच के लाल बार्डर सहित) व लाल ब्लाउज।**

1. खादी की सफेद साड़ी (लाल बार्डर सहित) की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी जिसकी अनुमानित राशि रु. 700/– विश्वविद्यालय में जमा कर उसे क्रय किया जा सकेगा।
2. सफेद पेटीकोट एवं लाल ब्लाउज की व्यवस्था छात्रा को स्वयं करनी होगी। गोल गले का सादा लाल रंग का ब्लाउज आस्तीन सहित (कुहनी तक) होना आवश्यक है।
3. खादी की गांधी टोपी और अंगवस्त्र विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसकी राशि रु. 200/– विद्यार्थी को जमा करनी होगी और यदि वह उसे वापस करना चाहता है तो रु 25/– काटकर शेष राशि लौटा दी जायेगी।

जो विद्यार्थी उपाधि प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें पूर्व से ही प्रपत्र भरना होगा और उपाधि प्राप्त करने के लिए निर्धारित शुल्क का पूर्व में ही भुगतान करना होगा। इसकी अंतिम तिथि **25 सिंतबर, 2018** होगी। कार्यक्रम स्थल पर उपाधि प्राप्तकर्ता को निर्धारित परिधान में आना अनिवार्य है।

(कुलसचिव)